www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

सोमवार
29 दिसंबर 2025, नई दिल्ली\नोएडा

वर्ष 90, अंक 309, 14 पेज+4 पेज लाइव, मूल्य ₹ 4.00, एचटी एज के साथ ₹ 5.00 एवं हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ ₹ 9.50 • पांच प्रदेश • 23 संस्करण

विजय हजारे ट्रॉफी में ऋषभ पंत पर रहेंगी निगाह P-12



कवायद | देश-विदेश की 23 नई कंपनियां भी अपनी इकाई लगाएंगी, 95 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा

# यमुना सिटी में 35 हजार करोड़ का निवेश होगा

**ग्रेटर नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता।** यमुना सिटी में देश-विदेश की कंपनियां करीब 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेंगी। इनसे 95 हजार से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। यमुना प्राधिकरण ने इसके लिए 23 कंपनियों से समझौता किया है।

पांच को भूमि का आवंटन चुका है। जबकि 18 कंपनियों को जमीन देने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) दिया गया है। इससे शहर में औद्योगिक विकास तेजी से बढ़ेगा।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट शुरू होने जा रहा है। अगले महीने में इसके संचालन की संभावना है। इसके अलावा मेडिकल डिवाइस पार्क, अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी, बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट, फिनटेक सिटी, टाय पार्क, अपेरल पार्क समेत कई अन्य विकास परियोजनाओं के लिए यीडा क्षेत्र का आकर्षण का केंद्र बन हुआ है। यहीं कारण है कि पिछले करीब एक वर्ष में शहर में करीब 35 हजार करोड़ का निवेश आया है। इनमें कई कंपनियों को जमीन का आवंटन भी हो गया है। कुछ कंपनियों को आवंटन करने के फैसले पर अंतिम मुहर लग चुकी है। इनमें सबसे बड़ा निवेश सेमीकंडक्टर पार्क में एचसीएल एवं फॉक्सकॉन के संयुक्त उपक्रम वामा सुंदरी कंपनी, सौर ऊर्जा से जुड़े उपकरण तैयार करने वाली कंपनी सील व ट्रैक्टर बनाने की कंपनी एस्कॉर्ट कबौटा व न्यू हौलेंड ग्रुप का है। सेमीकंडक्टर यूनिट स्थापित करने के लिए 3700 करोड़, सौर ऊर्जा उपकरण के लिए 8200 करोड़ व ट्रैक्टर के कलपुर्जे व इंजन बनाने वाला एस्कॉर्ट ग्रुप 4500 करोड़ का निवेश करेगा। इन 23 कंपनियों के स्थापित होने से शहर में 95 हजार लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे।

## इन पांच कंपनियों को भूमि आवंटन हो चुका

| क्षेत्र | कंपनी | क्षेत्रफल | निवेश | रोजगार |
|---|---|---|---|---|
| सेक्टर-8 | सील | 200 एकड़ | 8253 करोड़ | 2500 |
| सेक्टर-10 | पाइन वैली | 20 एकड़ | 1080 करोड़ | 5000 |
| सेक्टर-10 | हैवल्स | 10 एकड़ | 800 करोड़ | 4000 |
| सेक्टर-10 | पॉलीनोमस | 10000 वर्गमीटर | 75 करोड़ | 600 |

“ यमुना सिटी में माइक्रोसाफ्ट, एप्पल, टेक महिंद्रा जैसी वैश्विक कंपनियों को आमंत्रित किया जा रहा है। एक वर्ष में 35 हजार करोड़ का निवेश होगा। पांच कंपनियों को भूमि आवंटित चुकी है। -आरके सिंह, सीईओ यीडा